नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित

# सक्षम

## हिंदी पाठमाला

3



© All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form or by any means, without the prior permission of Publisher.

# सक्षम हिंदी पाठमाला – 3

**ISBN :-**

Author :
Nisha Madan

Designed by :
EDIT ONE INTERNATIONAL
New Delhi

Printed by :
Mec-Doit Printers
Sahibabad, Ghaziabad (NCR)

# आमुख

विचारों को अभिव्यक्त करने का सबसे सरल एवं स्पष्ट माध्यम भाषा है। भाषा में सम्मिलित कौशलों की सहायता से विचारों का आदान-प्रदान संभव हो पाता है। विद्यार्थियों के प्रभावपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में शैक्षिक प्रणाली का अहम योगदान होता है। इस प्रणाली में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवीय मूल्यों तथा जीवन कौशल का समावेश होना आवश्यक है।

प्रस्तुत पुस्तक में भाषा के चारों कौशल—श्रवण, वाचन, पठन, लेखन के साथ-साथ गतिविधि आधारित शिक्षण पर बल दिया गया है। पुस्तक में चिंतन-मनन (Thinking), विश्लेषण (Analysis), कल्पनाशीलता (Imagination), रचनात्मकता (Creativity), मूल्यांकन (Evaluation) को भी समाहित किया गया है। इसमें निर्धारित मानक वर्तनी का प्रयोग किया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों की भाषा में सूक्ष्म समझ को विकसित करने में सक्षम है। इस पुस्तक में पाठ नियोजन करते समय विद्यार्थियों की रुचियों, जिज्ञासाओं एवं खोजबीन प्रवृति का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रस्तुत पुस्तक की पाठ्य-सामग्री बच्चों के स्तरानुकूल, सरल, सहज एवं रोचक रूप में प्रस्तुत की गई है।

इस पुस्तक में नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 को ध्यान में रखकर सभी मूल्यों को तार्किक रूप से अपनाया गया है। रचनात्मक लेखन के अंतर्गत—कविता, कहानी, चित्र-कथा, संवाद, यात्रा-वर्णन एवं पत्र-लेखन आदि को शामिल किया गया है ताकि भाषा प्रयोग पर विद्यार्थियों की पकड़ मज़बूत बन सके, साथ ही विद्यार्थी व्याकरण का कुशलतापूर्वक प्रयोग कर पाएँ।

इस श्रृंखला में विद्यार्थियों को ऐसा मंच देने का प्रयास किया गया है, जहाँ वे आत्मविश्वास के साथ-साथ सोच-समझकर प्रश्नों का उत्तर दे सकें, साथ ही संवाद या चर्चा के द्वारा अपने सहपाठियों का भी दृष्टिकोण समझ पाएँ।

हमें यह विश्वास है कि यह पुस्तक छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

**—प्रकाशक**

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | अध्याय | पृ. सं. |
|---|---|---|
| | उड़न खटोला (चित्रकथा) | 5 |
| 1. | प्रकृति से सीखें (कविता) | 8 |
| 2. | बीरबल की बुद्धिमता (कहानी) | 16 |
| 3. | फ्लोरेंस नाइटिंगेल (जीवनी) | 24 |
| 4. | आलू की बारात (कविता) | 33 |
| 5. | ताजमहल की यात्रा (यात्रा-वृतांत) | 42 |
| 6. | गुब्बारे (कविता) | 51 |
| 7. | सामान्य जीवन (एकांकी) | 57 |
| 8. | साहस का मूल्य (कहानी) | 63 |
| 9. | हमारा स्वतंत्रता दिवस (एकांकी) | 70 |
| 10. | पुस्तक (कविता) | 77 |
| 11. | किसने बनाई टमाटर की चटनी (कहानी) | 84 |
| | अभ्यास प्रश्न पत्र-1 | 93 |
| | अभ्यास प्रश्न पत्र-2 | 95 |

# उड़न-खटोला

## (चित्रकथा)

### (केवल पठन हेतु)













हंसिका ने अपनी मम्मी से कहा तो वह सोचने लगी।
शायद वह नीले फ्रॉक वाली गुड़िया इसकी सेहली थी। हमें तीनों खिलौने लेने चाहिए थे। तब यह ज्यादा खुश रहती।
हंसिका मम्मी के साथ फिर से खिलौने वाले के पास गई। लेकिन नीले फ्रॉक वाली गुड़िया तो कोई ले गया था। बचा था सिर्फ़ उड़न-खटोला। हंसिका की मम्मी ने उड़न खटोला खरीदा और वापस आ गई।
हंसिका ने घर आकर खुशी-खुशी वह उड़न-खटोला गुड़िया के पास रख दिया। फिर गुड़िया से मीठी-मीठी बातें करती न जाने कब सो गई।
पर सुबह हंसिका उठी तो हैरान रह गई। उसके खिलौनों को अलमारी में अब न गुड़िया थी और न उड़न-खटोला....! हंसिका दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास गई।
मम्मी-मम्मी, गुड़िया तो गई। साथ में उड़न-खटोला भी।





**शिक्षा**-अपनों के साथ रहने से बड़ी और कोई खुशी नहीं है।

अध्याय 1

# प्रकृति से सीखें
## (कविता)

### अध्ययन से पूर्व



- हम प्रकृति के किस उपहार को सुनकर, छूकर, स्पर्श द्वारा जान पाते हैं?


### कविता का मूल तत्व

कविता में लेखक अपने मन की इच्छाओं को जाहिर कर रहे हैं साथ ही प्रकृति के महत्व को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

काश! मैं पानी बन जाऊँ,
सबकी प्यास बुझाऊँ।
कभी नदी, कभी झरना बनकर,
हित सबका करने आऊँ।

काश! मैं पंछी बन जाऊँ,
सबको भोर उठाऊँ।
सूरज के जगने से पहले,
चार दिशा घूम आऊँ।

काश! मैं बादल बन जाऊँ।
पानी भर–भर लाऊँ।
नीले–नीले आसमान में,
इधर–उधर मंडराऊँ।



काश! मैं हवा बन जाऊँ,

मंद-मंद लहराऊँ।

खेत, मैदान, पहाड़ों तक की,

सैर करके आऊँ।



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पंछी | = | पक्षी | भोर | = | सुबह |
| मंद | = | धीरे | हित | = | भला |
| सैर | = | घूमना | मंडराऊँ | = | किसी वस्तु के आप पास चक्कर लगाना |

## उच्चारण करें

झरना उठाऊँ मंडराऊँ इधर उधर

## श्रुतलेख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| [kr | enku | ljt | l;kl | fn'kk |
| lj | ckny | dk'k | vkleku | >juk |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के साथ चर्चा करें कि प्रकृति से हमें क्या-क्या मिलता है?

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) कवि पानी बनकर क्या करना चाहता है?

(ख) मंद-मंद कौन लहराना चाहता है?

(ग) चारों दिशा घूमकर कौन आना चाहता है?

(घ) इधर-उधर कौन मंडराना चाहता है?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) सबका हित कौन करना चाहता है?

..............................................................................................

(ख) सूरज से पहले कौन जगना चाहता है?

..............................................................................................

(ग) हवा बनकर क्या करने का मन होता है?

..............................................................................................

(घ) इधर उधर कौन मंडराना चाहता है?

..............................................................................................

**3. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए।**

काश! मैं ..............................

पानी .............................. लाऊँ

.............................. आसमान में,

.............................. मंडराऊँ।

## 4. मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| (क) सूरज | (i) दिशा |
| (ख) बादल | (ii) प्यास |
| (ग) पानी | (iii) भोर |
| (घ) हवा | (iv) सैर |
| (ङ) पंछी | (v) पानी |

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**5. किसी दिन अगर सूरज न निकले, तो क्या होगा?**

**6. यदि आपको अपने मन से कुछ करने की स्वतंत्रता दे दी जाए तो आप क्या करना चाहेंगे?**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**7. कविता में से पाँच संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए।**

.................... .................... .................... .................... ....................

**8. समान अर्थ वाले शब्द चुनकर लिखिए।**

पवन आकाश पक्षी अंबर जल मेघ जलधर वारी दिनकर
भानू नीर घन समीर नभ खग नभचर रवि वायु

(क) हवा – ...................... ...................... ......................

(ख) पानी – ...................... ...................... ......................

(ग) पंछी – .................... .................... ....................

(घ) बादल – .................... .................... ....................

(ङ) आसमान – .................... .................... ....................

(च) सूरज – .................... .................... ....................

## 9. 'उ' ( ु ) तथा ऊ ( ू ) की मात्रा वाले शब्द अलग-अलग चुनकर लिखिए।

| उ ( ु ) | ऊ ( ू ) |
|---|---|
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |
| .................... | .................... |

सूरज फूल झूल सुन गुण धूम बुनकर सुख

## 10. कविता में आए सर्वनाम शब्दों पर ( ○ ) लगाइए।

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे- मैं, तुम, आप, हमें, सबका आदि।

भर मैं कभी बन


## 11. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।

(क) नदी – ....................

(ख) खेत – ....................

(ग) मैदान – ....................

(घ) झरना – ....................



## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए


Creative Skills


**12. प्रस्तुत कविता से आपको क्या सीख मिलती है? अपने शब्दों में लिखिए।**


## ज़रा दिमाग लगाइए


Brain Storming Activity


**13. प्राकृतिक संसाधनों को पहचानकर उस पर ( ✓ ) का निशान लगाइए।**













## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

**14. सुबह के इस दृश्य में रंग भरिए।**



अध्याय 2

# बीरबल की बुद्धिमता
## (कहानी)

### अध्ययन से पूर्व



- बीमार पड़ने पर हमें क्या करना अच्छा लगता है और क्या नहीं? बताइए।

### कहानी का मूल तत्व

बुद्धिमता गंभीर परिस्थितियों में भी आशा और सफलता के दरवाज़े खोल देती है।

एक बार की बात है, अकबर बहुत बीमार पड़ गए। अकबर के हक़ीम ने दवा देकर राजा को आराम करने को कहा, मगर अकबर को तो जैसे कुछ अच्छा ही नहीं लग रहा था; न तो नींद आ रही थी और न ही तबीयत में सुधार हो रहा था।

तभी अकबर ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा, "मैं बहुत ऊर्जाहीन और उबाऊ महसूस कर रहा हूँ। अकबर के मंत्रीगण इस बात से बहुत निराश हो रहे थे कि उनके राजा इतने अस्वस्थ हो चुके हैं कि रात भर जागते रहते हैं।

तभी सभी मंत्रीगण मिलकर एक योजना बनाने लगे, क्यों न कुछ ऐसा किया जाए जिससे हमारे राजा का स्वास्थ्य और खुशी दोनों लौट आए। विचार-विमर्श करने के बाद अकबर के सबसे प्रिय मंत्री बीरबल को इस बारे में सूचना देकर ज़ल्द ही महल बुलवा लिया गया। बीरबल और मंत्रीगण अब अकबर को हँसाने के प्रयास में जुट गए।



बीरबल अकबर के कक्ष में जाकर एक कहानी सुनाने का अनुरोध करता है जिससे राजा की उदासी और बीमारी एक ही रात में छू-मंतर हो जाए।

**अकबर** - सुनाओ कहानी बीरबल।

**बीरबल** - एक जंगल में सौ साल पुराना एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिस पर अनेक पक्षी रहते थे। हर रोज़ पक्षी सुबह अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में उड़ जाते और शाम तक लौटकर आते और अपने बच्चों को भोजन देते।

**अकबर** - कितने पक्षी उड़ते थे?

**बीरबल** - पाँच सौ। पहला पक्षी उड़ता... फुर्र...।

**अकबर** - फिर...

**बीरबल** - दूसरा... फुर्र..., तीसरा... फुर्र।

**अकबर** - फिर उसके बाद...

**बीरबल** - चार सौ सतानवे अभी भी बचे हैं, वो भी तो उड़ेंगे... फुर्र...



**अकबर** - सभी पक्षी उड़ गए।... फिर...

**बीरबल** - शाम को लौटकर

आएँगे। अपने बच्चों को खाना खिलाएँगे और अगली सुबह फिर... फुर्र...

यह सुनते ही अकबर ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगे और पास खड़े मंत्री भी हँसने लगे। अपने राजा को प्रसन्न और नींद आता देख सभी ने बीरबल की बुद्धिमता और चतुराई की प्रशंसा की।

## शब्दार्थ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हक़ीम | = इलाज़ करने वाला, वैद्य | | अस्वस्थ | = बीमार |
| विचार-विमर्श | = बातचीत करना | | सूचना | = ख़बर |
| प्रशंसा | = तारीफ | | वृक्ष | = पेड़ |
| उबाऊ | = बोर होना (किसी काम में मन न लगना) | | | |

## उच्चारण करें

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| योजना | ज़ल्द | बीरबल | मंत्री | तबीयत | सुधार |
| अच्छा | अंडे | प्रसन्न | मुर्गी | सफलता | आशा |

## श्रुतलेख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| i;kl | Åtkghu | vujk/k | ddM&d | i'kIk |
| prjkb | cnf/kerk | xHkhj | vkokt | N&erj |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के साथ अकबर के किसी अन्य किस्से पर भी चर्चा करें।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) अकबर के बीमार पड़ने पर किसने उन्हें दवा दी?

(ख) अकबर ने किसको बुलाया?

(ग) किन लोगों के बीच राजा की तबीयत में सुधार को लेकर बातचीत हुई?

(घ) बीरबल ने अकबर के कक्ष में जाकर उन्हें क्या सुनाना चाहा?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) अकबर ने अपने मंत्रियों को अपने स्वास्थ्य को लेकर क्या कहा?

..............................................................................................................

(ख) मंत्रियों ने राजा के लिए क्या बनाई?

..............................................................................................................

(ग) अकबर को कहानी सुनाने के लिए कौन आया?

..............................................................................................................

(घ) बीरबल की सुनाई कहानी में किसकी चर्चा हुई?

..............................................................................................................

**3. उचित शब्दों के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) राजा अकबर को ........................ ने दवा दी। (हक़ीम/मंत्री)

(ख) राजा अकबर ने अपने .......................... को बुलाया। (सिपाही/मंत्री)

(ग) किस्सा सुनकर मंत्री और राजा .......................... लगे। (रोने/हँसने)

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**4. हम किन-किन कारणों से बीमार पड़ सकते हैं?**

**5. हमें तंदुरुस्त बने रहने के लिए क्या-क्या अपनाना चाहिए? सोचकर बताइए।**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**6. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य निर्माण कीजिए।**

(क) खुश : ..............................................................................................

(ख) नींद : ..............................................................................................

(ग) राजा : ..............................................................................................

(घ) कहानी : ..............................................................................................

(ङ) वृक्ष : ..............................................................................................

(च) मंत्री : ..............................................................................................

**7. 'भर' शब्द को जोड़ते हुए नया शब्द बनाइए।**

(क) पेट+भर – ....................................

(ख) रात+भर – ....................................

(ग) दिन+भर – ....................................

(घ) साल+भर – ....................................

**8. मिलते-जुलते शब्दों को छाँटकर लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| संडे | कल | डर | ठंडे | घर | जल |
| टहल | डंडे | चहल | नल | चर | दहल |

(क) अंडे – .................. .................. ..................

(ख) कल – .................. .................. ..................

(ग) भर – .................. .................. ..................

(घ) महल – .................. .................. ..................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

**9. अकबर कौन था? इस संबंध में जानकारी एकत्र कर दस वाक्य लिखिए।**

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity

**10. राजा के महल में क्या-क्या मिल सकता है। चित्र देखकर अंदाजा लगाते हुए बताइए।**








## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

**11. राजा के चित्र में सुंदर रंग भरते हुए सजाएँ और शिक्षक को दिखाएँ।**



अध्याय 3

# फ्लोरेंस नाइटिंगेल
## (जीवनी)

## अध्ययन से पूर्व




## जीवनी का मूल तत्व

प्रस्तुत जीवनी में मानव सेवा को प्राथमिकता दी गई है। जिसमें बताया गया है कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल जैसी महान विभूतियों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

यह घटना फ्लोरेंस नगर इटली की है। एक बार एक छोटी-सी बच्ची विद्यालय से अपने घर की ओर जा रही थी। तभी अपने गली के कोने पर एक नन्हीं-सी प्यारी सी बिल्ली देखी जो पैरों में चोट लगने की वजह से चल भी नहीं पा रही थी। उसके घाव पर मक्खियाँ भिनभिना रही थीं। उस बच्ची को बिल्ली पर दया आ गई। वह उसे अपने घर ले आयी। उसने बिल्ली के घाव को गरम पानी से धोया और उस पर पट्टी कर दी। लगभग एक सप्ताह की सेवा के बाद बिल्ली ठीक हो गई। आप जानते हैं कि उस बिल्ली की सेवा करने वाली बच्ची कौन थी? करूणामयी बच्ची का नाम फ्लोरेंस नाइटिंगेल था।





फ्लोरेंस नाइटिंगेल बचपन से ही भावनापूर्ण किस्म की महिला थीं। जिनका हृदय बहुत कोमल था। किसी को दु:ख में देखकर उनका मन भी दु:खी हो उठता था। किसी रोगी को देखकर वह शीघ्र उसकी सेवा में लग जाती।

जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ती गई तो बीमार और रोगियों की सेवा करने को ही अपना उद्देश्य बना लिया। उन्होंने मन ही मन नर्स बनने का निश्चय किया। जब उसके माता-पिता को उसकी इच्छा

के बारे में पता चला तो वे बहुत नाराज़ हुए। उन दिनों फ्लोरेंस के घर वालों ने उन्हें नर्स बनने के लिए मना किया क्योंकि उन्हें यह काम पसंद नहीं था। उन दिनों बड़े घर की लड़कियों को यह काम करने की अनुमति नहीं थी। जब फ्लोरेंस को अपने माता-पिता से अनुमति नहीं मिली तो वह हताशा से भर गयीं। अंततः माता-पिता को उनके दृढ़ निश्चय के आगे झुकना पड़ा।

फ्लोरेंस अपने काम के प्रति इतनी आतुर थीं, तो उन्होंने अस्पतालों में जाकर नर्स का कार्य किया। उनकी लगन को देखकर फ्लोरेंस को लंदन संस्थान का अध्यक्ष बना दिया। जिससे उनकी प्रशंसा होने लगी।



उन्हीं दिनों इंग्लैंड को एक युद्ध का सामना करना पड़ा। युद्ध में घायल सैनिकों को अस्पतालों में लाया जाने लगा। गंभीर रूप से घायलों को 'स्क्यूटरी' अस्पताल में लाया जाता था। उस अस्पताल में रोगियों की देखभाल की ज़िम्मेदारी सरकार ने फ्लोरेंस को सौंप दी। उस समय अस्पताल में किसी प्रकार की अच्छी व्यवस्था नहीं थी। फ्लोरेंस ने बेहद प्रयास करके मरीज़ों को जरूरी सुविधाएँ प्रदान कराईं और वह दिन-रात मरीज़ों की सेवा में जुट गई।

वह स्वयं प्रत्येक रोगी से मिलती थी। अस्पताल में बिजली न होने की वजह से वह रात को हाथ में लैंप लेकर रोगियों के पास जाती थी। बीमार सैनिक उसे 'लैंप वाली देवी' कहते थे। रोगी उसे देखते ही पीड़ा भूल कर मुस्कुरा उठते थे। युद्ध में घायल सभी सैनिकों को अस्पताल में लाना कठिन होता था, इसलिए उनकी देखभाल सैनिक शिविरों में ही की जाती थी। इन शिविरों में चिकित्सा प्रबंध न

के बराबर था। जब स्वयं फ्लोरेंस नाइटिंगेल युद्ध के मैदान में गई तो वहाँ उन्होंने शिविरों में सैनिकों की चिकित्सा का उचित प्रबंध किया।

दिन-रात लगातार काम करने के कारण फ्लोरेंस का शरीर कमजोर होने लगा था और वह इंग्लैंड लौट आई। किंग एडवर्ड जो उस समय इंग्लैंड के शासक थे, उन्होंने फ्लोरेंस को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया। उन्हें पूरे संसार में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के नाम से प्रसिद्धि मिली। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का कहना था कि "मनुष्य की सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा है।" 13 अगस्त 1910 को 90 वर्ष की आयु में फ्लोरेंस का निधन हो गया। आज समस्त विश्व उनका नाम बड़े सम्मान के साथ लेता है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| करुणामयी | = | दयावान, दयालु | अनुमति | = | आज्ञा, इजाज़त |
| बच्ची | = | कन्या, बालिका, लड़की | लैंप | = | लालटेन, टार्च |
| चिकित्सा | = | इलाज, उपचार | सार्वजनिक | = | प्रचलित, व्यापक |

## उच्चारण करें

फ्लोरेंस भिनभिना भावनापूर्ण स्क्यूटरी एडवर्ड

## श्रुतलेख

d#.kke;h fcYYh bPNk fpfdRlk ¶ykjsl

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को 'मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' के बारे में बताएँ तथा उन्हें दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करें।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) छोटी बच्ची को बिल्ली किस स्थिति में मिली?

(ख) इटली के कौन से नगर में छोटी बच्ची रहती थी?

(ग) फ्लोरेंस नाइटिंगेल क्या बनना चाहती थी?

(घ) फ्लोरेंस के अस्पताल का क्या नाम था?

(ङ) सैनिकों के लिए चिकित्सा की व्यवस्था फ्लोरेंस ने कहाँ की?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) छोटी बच्ची ने नन्हीं-सी बिल्ली की सेवा कैसे की?

(ख) फ्लोरेंस को नर्स बनने के लिए माता-पिता ने क्यों मना कर दिया?

(ग) जीवन के कौन-से उद्देश्य को लेकर फ्लोरेंस नाइटिंगेल चल रही थी?

(घ) फ्लोरेंस नाइटिंगेल का क्या कहना था?

(ङ) फ्लोरेंस नाइटिंगेल को कैसे और किसने सम्मानित किया?

## 3. दिए गए वाक्यो में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(क) एक छोटी बच्ची ...................... से अपने घर जा रही थी।

(ख) फ्लोरेंस नाइटिंगेल बचपन से ही ...................... किस्म की महिला थीं।

(ग) फ्लोरेंस के घर वालों ने उन्हें ...................... बनने के लिए मना कर दिया।

(घ) जब स्वयं फ्लोरेंस नाइटिंगेल ...................... के मैदान में गई।

## 4. दिए गए वाक्यों में सही कथन पर ( ✓ ) सही तथा गलत पर ( ✗ ) का चिन्ह लगाइए।

(क) छोटी बच्ची घर से बाज़ार की ओर जा रही थी। ☐

(ख) गली के कोने पर एक नन्हीं-सी बिल्ली मिली। ☐

(ग) नाइटिंगेल ने अपनी टीम को युद्ध मैदान में भेजा। ☐

(घ) फ्लोरेंस ने अस्पताल जाकर कार्य को सीखा। ☐

(ङ) फ्लोरेंस नाइटिंगेल स्वयं प्रत्येक रोगी से मिलती थी। ☐

## 5. दिए गए वाक्यों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

(क) बिल्ली के घाव पर क्या भिनभिना रही थी?

☐ मच्छर ☐ भंवरा

☐ मक्खी ☐ तितली

(ख) फ्लोरेंस ने खुद ...................... बनने का निश्चय किया।

☐ डॉक्टर ☐ अध्यापिका

☐ चपरासी ☐ नर्स

(ग) रात के समय फ्लोरेंस हाथ में क्या लेकर रोगियों के पास जाती थी।

☐ दवाई ☐ लैंप

☐ टॉर्च ☐ इनमें से कोई नहीं

(घ) मनुष्य की सेवा किसकी सच्ची सेवा मानी जाती है?

- ☐ भगवान
- ☐ समाज
- ☐ जानवर
- ☐ इनमें से कोई नहीं।

(ङ) फ्लोरेंस को लंदन में किसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

- ☐ शैक्षणिक सस्थान
- ☐ नर्स सस्थान
- ☐ लंदन सस्थान
- ☐ इनमें से कोई नही।

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**5. फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने चिकित्सा के कार्य को करना ही उचित क्यों समझा? जबकि उनके पास और भी कई विकल्प थे। सोच समझकर बताइए।**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**6. दिए गए शब्दों में प्रत्यय छाँटकर लिखिए।**

**प्रत्यय** – वह शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देता है, प्रत्यय कहलाता है।

(क) बुढ़ापा : ...............................................

(ख) समझदार : ...............................................

(ग) पालनहार : ...............................................

(घ) करनी : ...............................................

(ङ) बोलती : ...............................................

## 7. दिए गए शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए।

**लिंग** – जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति की जाति का बोध हो, अर्थात वह स्त्री है या पुरुष है, लिंग कहलाता है।

**जैसे** – बैल (पुरुष जाति अर्थात् पुल्लिंग)
गाय (स्त्री जाति अर्थात् स्त्रीलिंग)

(क) वन ..........................  (ख) मोटापा ..........................

(ग) तन ..........................  (घ) बड़ी ..........................

(ङ) मोरनी ..........................  (च) कैलाश ..........................

(छ) बिटिया ..........................  (ज) अंग्रेजी ..........................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

## 8. 'मानव सेवा को ही भगवान की सेवा माना जाता है' ऐसा क्यों? अपने शब्दों में लिखिए।

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

## ज़रा दिमाग लगाइए


Brain Storming Activity

**9. दी गई शब्द पहेली में से उचित शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | प | लो | रें | स | क | क |
| लं | द | न | सै | नि | क | क |
| स | ना | इ | टिं | गे | ल | ड़ |
| क | रु | णा | म | यी | म | ब |
| किं | ग | ता | ना | को | म | ल |
| क | चि | कि | त्सा | न | ल | र |
| भ | प | ए | ड़ | व | र्ड | ज |

**10. दिए गए चित्रों को ध्यानपूर्वक देखिए और उन्हें पहचानकर उनके बारे में चार-चार पंक्तियाँ लिखिए।**







अध्याय 4

# आलू की बारात
## (कविता)

### अध्ययन से पूर्व



- उपरोक्त चित्र में दर्शाए गए फलों एवं सब्ज़ियों को विभिन्न मौसम के आधार पर वर्गीकृत करते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में जानकारियाँ इकट्ठी कीजिए।


### कविता का मूल तत्व

बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना एवं उनके प्रकार व महत्व पर चर्चा करना।


आलू की बारात चली,
बैंगन, टमाटर और फली,
बाजा-ढोल बजा रहे हैं,
मस्ती खूब जमा रहें हैं।

गाजर, मूली और ककड़ी,
देख रही हैं अकड़ी-अकड़ी,
हलवा, पूरी और कचौड़ी,
ले ले थोड़ी और पकौड़ी।

लौकी, खीरा झूम रहें हैं,
क्या खाएँ सबसे पूछ रहे हैं,
शलगम ने दिखाया जलवा,
सबको खूब खिलाया हलवा।



भिंडी दुल्हन मुस्काती आई,
मुख पर सबके रौनक छाई,
चारों ओर बजी शहनाई,
मिलकर सबने दावत खाई।



## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| खूब | = बहुत | दावत | = पार्टी |
| मुख | = चेहरा | अकड़ी | = ऐंठ में |

## उच्चारण करें

ढोल कचौड़ी खाई शहनाई

## श्रुतलेख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| eLrh | e[k | nkor | FkkMh | >e |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के साथ कक्षा में मौसमी सब्ज़ियों के विषय पर चर्चा करें।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) सभी सब्ज़ियाँ कहाँ मस्ती करने गईं?

(ख) बारात में अकड़ी-अकड़ी कौन थी?

(ग) सबको हलवा किसने खिलाया?

(घ) आलू की दुल्हन कौन थी?

(ङ) बारात में कौन झूम रहे थे?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) आलू की बारात में कौन-कौन शामिल हुआ?

(ख) दावत में खाने के लिए क्या-क्या था?

(ग) बाजा-ढोल कौन बजा रहे थे?

(घ) रौनक क्यों छा गई?

(ङ) कविता में शलगम के विषय में क्या कहा गया है?

## 3. मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| (क) शलगम | (i) मुस्काती |
| (ख) गाजर | (ii) ढोल |
| (ग) बैंगन | (iii) हलवा |
| (घ) भिंडी | (iv) अकड़ी |

## 4. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए।

लौकी, खीरा ..............................,
.............................. पूछ रहें हैं,
शलगम ने ..............................,
सबको खूब ..............................।

## 5. निम्न वाक्यों को पढ़कर ( ✓ ) सही या ( ✗ ) गलत का निशान लगाइए।

(क) शलगम ने दिखाया जलवा। ☐

(ख) आलू की बारात चली। ☐

(ग) गाजर, मूली और ककड़ी अकड़ी खड़ी थी। ☐

(घ) सबकी जमकर शामत आई। ☐



### ज़रा सोचिए

Critical Thinking

## 6. अगर आप आलू की बारात में बाराती होते तो किस-किस तरह की मस्ती करते? बच्चों के साथ चर्चा करते हुए वाक्य लिखिए।

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**7. ऐसी कौन-कौन सी सब्जियाँ हैं, जिन्हें हम पकाकर या कच्चा खा सकते हैं। कक्षा में चर्चा करते हुए नाम लिखिए।**

| पकाकर खाई जाने वाली सब्ज़ियाँ | | कच्ची खाई जाने वाली सब्ज़ियाँ | |
|---|---|---|---|
| .................. | .................. | .................. | .................. |
| .................. | .................. | .................. | .................. |
| .................. | .................. | .................. | .................. |

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**8. 'नाम' वाले शब्द संज्ञा कहलाते हैं। कविता में आए संज्ञा शब्दों पर गोला ( ○ ) लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बजा | पकौड़ी | सबसे | शलगम | मुस्काती |
| मुख | बाजा | शहनाई | चली | थोड़ी |

**9. कविता में आए 'ई' ( ी ) की मात्रा वाले शब्दों को ढूँढकर लिखिए।**

.................. .................. .................. .................. ..................

.................. .................. .................. .................. ..................

## 10. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए।

(क) मस्ती ..........................................................................................

(ख) शहनाई ..........................................................................................

(ग) बारात ..........................................................................................

(घ) मिलकर ..........................................................................................

(ङ) दुल्हन ..........................................................................................

## 11. दिए गए शब्दों में से संयुक्त व्यंजन पर ( ○ ) का निशान लगाइए।

**संयुक्त व्यंजनः** दो अलग-अलग व्यंजनों का जुड़ना। जैसे - मोक्ष - क्+ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | ज्ञान | श्रवन | चक्षु |
| (ख) | अक्षर | नक्षत्र | आँसू |
| (ग) | मायावी | जलज | कपट |
| (घ) | क्षत्रिय | कमल | श्रमिक |

### ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

## 12. नीचे लिखे व्यंजनों के स्वाद का पता लगाकर उसके संबंध में एक-एक विशेषता लिखिए।

(क) पकौड़ी – ..........................................................................................

(ख) चटनी – ..........................................................................................

(ग) सब्जी – ..........................................................................................

(घ) शरबत – ..........................................................................................

(ङ) खीर – ..........................................................................................

## 13. चित्र का वर्णन अपने वाक्यों में कीजिए।



## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity

## 14. बॉक्स में से बीज़ वाली व बीज़ रहित सब्ज़ियों और फलों के नाम ढूढिएँ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ली | अ | न | ब | ला |
| से | के | गू | मा | त |
| बू | ग | लू | बैं | ट |
| मू | र | ट | आ | ज |


(क) बीज़ वाली सब्ज़ियाँ और फल


(ख) बीज़ रहित सब्ज़ियाँ और फल

## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

**15. चित्र को पहचानते हुए रंग भरिए।**






अध्याय 5

# ताजमहल
## (यात्रा वृतांत)

### अध्ययन से पूर्व



- शिक्षक/शिक्षिका ताजमहल के चित्र को देखते हुए कक्षा में चर्चा करें। जैसे- आपने ताजमहल को देखा है? प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में अपना अनुभव बताइए।

### यात्रा वृतांत का मूल तत्व

बच्चों को ताजमहल के संदर्भ में पूर्ण जानकारी प्रदान करना।

गर्मी की छुट्टियों की बात है। पिताजी ने ऑफिस से आते समय ही कहा, इस बार गर्मी की छुट्टियों में ताजमहल देखने आगरा चलते हैं। बस फिर क्या था, ये सुनकर तो मानो जैसे हमें बिन माँगे मोती मिल गए हों। पिताजी ने माँ से कहा-अगले हफ़्ते की टिकट बुक करवा ली है, अब चलने की तैयारी करो।





एक हफ़्ते बाद हम सभी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुँचे लेकिन हमारी ट्रेन के आने में शायद अभी कुछ समय बाकी था। हमने स्टेशन पर लगी दुकानों से चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, मूँगफली व अन्य सामान खरीद लिया ताकि हमारी यात्रा सुगम और रोमांचक बन जाए। देखते ही देखते हमारी ट्रेन प्लेटफार्म पर आ लगी। हम सभी लोग ट्रेन से करीबन 3 घण्टों में आगरा उतर गए। मगर थकान के मारे हमने गेस्ट हाउस जाकर विश्राम करना सही समझा और अगली सुबह ताजमहल यात्रा के लिए निकलने का सोचा। अगली सुबह हम ऑटो से गेस्ट हाउस वाले इलाके से बाहर आए और वहाँ से टैक्सी लेकर ताजमहल के गेट पर जा खड़े

हुए। मैंने पिताजी से पूछा- कहाँ है यहाँ तो बस लोग, गाड़ियाँ ही दिखा रहे हैं। पिताजी बोले-अरे! अन्दर तो चलो, फिलहाल तो हमें ताजमहल देखने के लिए टिकटें खरीदनी होंगी। पिताजी टिकट की लाईन में लग गए। इतने में माँ के पास आकर एक व्यक्ति बोला-मैडम गाईड चाहिए ताजमहल दिखाने के लिए। हम यह सोचकर संतुष्ट हुए कि वह हमें सब कुछ ठीक ठाक से दिखा देगा।

(पिताजी गाइड से) "भाई, हम ताजमहल देखना चाहते हैं। हमे दिखाते भी जाओ और सब बातें अच्छी तरह समझाते भी जाओ।"

"लीजिए साहब, देखिए! आपके सामने यह ताजमहल बेगम मुमताज की मौत के बाद उनकी याद में बनवाया गया था। यह ताजमहल बेगम मुमताज की कब्र पर बना हुआ है। यह सन् 1631ई॰ में बनना आरंभ हुआ जिसे बनाने में लगभग 20 हजार मजदूरों को लगाया गया। इसके बनने में उस समय तीन करोड़ रुपये खर्च हुए और (22) बाईस वर्ष का समय लगा था। साहब! "जहाँ आप खड़े है, यह लाल पत्थर का दरवाज़ा है। आइए! अंदर की ओर चलें। देखिए दोनों ओर फव्वारे और पेड़-पौधे लगे हैं। यहाँ घास मखमल की तरह मुलायम है।



आइए! "इस संगमरमर के चबूतरे के ऊपर देखिए, इसके मध्य में कैसा सुंदर तालाब के चारों तरफ संगमरमर के बेंच बने हैं, जहाँ सभी यात्री बैठकर अपनी थकान मिटाते हैं और ताजमहल को निहारते हैं।" इस तालाब के जल की खास बात यह है कि " आपको जल के भीतर एक दूसरा ताजमहल दिखाई देगा। कितना सुंदर दिख रहा है न यह!"

थोड़ा आगे बढ़ने पर गाइड ने हमें ताजमहल के चारों तरफ बने सुंदर ऊँचे-ऊँचे बुर्ज दिखाए। इस चबूतरे से नीचे की ओर संगमरमर की सीढ़ियाँ हमें तहखाने की ओर ले जाती हैं। चलिए नीचे चलें।



"यह देखिए एक कब्र बेग़म मुमताज की और दूसरी शाहजहाँ की है। ये कब्रें उनके प्रेम की अमर कहानी कह रही हैं। आइए, अब ऊपर चलें।" देखिए साहब! कितना लंबा चौड़ा बाग़ है। उसके एक ओर यमुना नदी का सुंदर दृश्य है और दूसरी ओर हरियाली लहलहाती है। पिताजी, मेरा एक फोटो खींचिए ना! अरे रुको हम सभी का सामूहिक चित्र होना चाहिए, ताकि ताजमहल की यादें हम अपने साथ दिल्ली तक लेकर जाएँ और यहाँ के अनुभव को संजोएँ।

आपने देखा, कितना सुंदर और मनमोहक है यह भवन! इसमें खुदाई, कढ़ाई और पच्चीकारी का कितना सुंदर काम हुआ! जनाब! रंग बिरंगे फूल, मूल्यवान पत्थर

और इसकी बनावट के कारण ही ताजमहल को दुनिया के सात अजूबों में से एक माना जाता है।

"सचमुच! इस धरोहर को सहेजने में हमें अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए। सरकार को ताजमहल के आसपास प्रदूषण को ख़त्म करने के उपाय सोचने होंगे तभी यह धरोहर हम आने वाली पीढ़ियों को सौंप पाएँगे।

## शब्दार्थ

संगमरमर = सफ़ेद, चिकना और मुलायम पत्थर
भवन = महल
गाइड = रास्ता दिखाने वाला, पथ-प्रदर्शक
बुर्ज = मीनार
मनमोहक = मन को लुभाने वाला
पच्चीकारी = तराशे हुए रंगीन पत्थरों से चित्रकारी

## उच्चारण करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| गर्मी | कोल्डड्रिंक | मूँगफली | आरंभ |
| फव्वारे | प्रदूषण | पीढ़ियाँ | अजूबों |

## श्रुतलेख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ;k=h | njoktk | lhf<;k | gfj;kyh | euekgd |
| /kjkgj | vuHko | lnj | rktegy | in"k.k |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका दुनिया के सात अजूबों के विषय में कक्षा शिक्षण के दौरान बच्चों के साथ चर्चा करें।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) गर्मी की छुट्टियों में सभी कहाँ घूमने गए?

(ख) ताजमहल देखने के लिए किस स्टेशन से ट्रेन ली गई?

(ग) ताजमहल सभी को किसने दिखाया?

(घ) ताजमहल के बगीचों की घास कैसी थी?

(ङ) ताजमहल के एक ओर कौन-सी नदी बहती है?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) ताजमहल किसने और क्यों बनवाया?

..........................................................................................

(ख) ताजमहल को बनाने में कितने वर्ष और कारीगर लगे?

..........................................................................................

(ग) ताजमहल के तहखाने में किन दो लोगों की कब्रें हैं?

..........................................................................................

(घ) ताजमहल किस पत्थर से बना है?

..........................................................................................

(ङ) ताजमहल में क्या-क्या था?

..........................................................................................

**3. सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

(क) ताजमहल कहाँ स्थित है?

- ☐ दिल्ली
- ☐ आगरा
- ☐ कलकता
- ☐ मद्रास

(ख) ताजमहल बनाने का काम किस वर्ष शुरु हुआ?

- ☐ सन् 1931
- ☐ सन् 1613
- ☐ सन् 1631
- ☐ सन् 1630

(ग) ताजमहल बनाने में कितने वर्ष लगे?

- ☐ 30 वर्ष
- ☐ 22 वर्ष
- ☐ 16 वर्ष
- ☐ 32 वर्ष

**4. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही ( ✓ ) या गलत ( ✗ ) का निशान लगाइए।**

(क) ताजमहल को बनाने में 22 हजार मजूदर लगे। ☐

(ख) ताजमहल बेग़म मुमताज की याद में बनवाया गया था। ☐

(ग) ताजमहल लाल पत्थर का बना हुआ है। ☐

(घ) ताजमहल गंगा नदी के किनारे स्थित है। ☐

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**5. आप कहीं घूमने जाएँगे तो किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे? कक्षा में चर्चा करते हुए पाँच वाक्य लिखिए।**

............................................................

............................................................

............................................................

............................................................

............................................................

6. बादशाह शाहजहाँ अपनी बेगम मुमताज की याद में यदि ताजमहल की जगह कुछ और बनाते तो क्या हो सकता था? कक्षा में शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को इस विषय पर सोचने, विचार करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

7. अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) परदूषण – ........................ (ख) गडिया – ........................

(ग) हरीआली – ........................ (घ) तअलआब – ........................

(ङ) पथ्थर – ........................ (च) ताजमलह – ........................

8. शब्दों के रिक्त स्थान में उचित वर्ण लगाते हुए शब्द पूर्ण कीजिए।

(क) च ...... तरे (टू/बू)

(ख) म ...... दूर (ज़/झ)

(ग) ...... गरा (घा/आ)

(घ) बेग़ ...... (म/न)



## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

9. ताजमहल जैसी धरोहर को बचाने के लिए सरकार को क्या कदम उठाना चाहिए? सोचकर लिखिए।

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................


..........................................................................................

..........................................................................................

## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity


**10. मोनू के लिए आप गाइड बनकर उसे ताजमहल की सैर करवाते हुए गेट नं. 2 से बाहर निकालें।**




## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

**11. ताजमहल के सुंदर चित्र में रंग भरिए।**



अध्याय 6

# गुब्बारे
## (कविता)

## अध्ययन से पूर्व




## कविता का मूल तत्व

प्रस्तुत कविता में गुब्बारे बेचने वाला और उसके पास विभिन्न गुब्बारों की विशेषताओं के बारे में बताया गया है।

गुब्बारों का लेकर ढेर,
देखो, आया है शमशेर।

हरे, बैंगनी, लाल, सफ़ेद,
रंगों के हैं कितने भेद।

कोई लंबा, कोई गोल,
लाओ पैसे ले लो मोल।

मुट्ठी में लो इनकी डोर,
इन्हें घुमाओ चारों ओर।

हाथों से दो इन्हें उछाल,
लेकिन छूना खूब सँभाल।



पड़ा किसी के ऊपर जोर,
एक ज़ोर का होगा शोर।

गुब्बारा फट जाएगा,
खेल खत्म हो जाएगा।

–हरिवंशराय बच्चन



## शब्दार्थ

ढेर = गठरी, अंबार, अटाला

मोल = भाव करना, खरीदना और बेचना

शोर = चीखना, चिल्लाना, कोलाहल

भेद = अंतर बताने वाला, पक्षपात करने वाला

## उच्चारण करें

उछाल संभाल पैसे खेल बैंगनी

## श्रुतलेख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Mkj | tkj | [ky | 'ke'kj | <j |
| mNky | QV | tk,xk | xCckj | eky |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के गुब्बारे एवं उसके उपयोग के बारे में बताएँ तथा कविता के सार को समझाएँ।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) शमशेर के नाम से किसे जाना जाता है?

(ख) गुब्बारों का ढेर लेकर कौन आया है?

(ग) गुब्बारों को हाथों से उछालने के लिए कौन कह रहा है?

(घ) गुब्बारे वाला गुब्बारे किसे दे रहा है?

(ङ) प्रस्तुत कविता के लेखक का नाम लिखिए-

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) गुब्बारे वाला किस-किस रंग के गुब्बारे बेच रहा है?

..................................................................................................

(ख) गुब्बारे वाला किसे डोर घुमाने के लिए कह रहा है?

..................................................................................................

(ग) गुब्बारे पर जोर देने से क्या होगा?

..................................................................................................

(घ) कविता में प्रयुक्त शब्द 'शमशेर' का अर्थ क्या होता है?

..................................................................................................

**3. दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) गुब्बारों का लेकर ढेर देखो ..............................।

(ख) रंगों के हैं कितने ..............................।

(ग) हाथों से दो इन्हें उछाल, लेकिन छूना खूब ..............................।

(घ) गुब्बारा फट जाएगा .............................. खत्म हो जाएगा।

**4. दिए गए शब्दों का मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
| शमशेर | पैसे |
| मोल | मुट्ठी |
| डोर | खत्म हो जाएगा |
| खेल | गुब्बारे वाला |

**5. दी गई पंक्तियों के अर्थ लिखिए।**

गुब्बारों का लेकर ढेर,
देखो आया है शमशेर।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................



## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**6. गुब्बारों में भरी गैस हीलियम होती है। कुछ अन्य गैसों का नाम सोचकर बताइए और साथ ही यह बताइए कि उसका उपयोग किस कार्य में किया जाता है?**



## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**7. पाठ में दिए गए विशेषण शब्दों को चुनकर लिखिए।**

(क) ..........................  (ख) ..........................

(ग) ..........................  (घ) ..........................

8. शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) गुबबारा – ..........................  (ख) उपर – ..........................

(ग) खतम – ..........................  (घ) समषेर – ..........................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

9. गुब्बारे को आधार बनाकर एक कविता तैयार कीजिए।

## ज़रा दिमाग लगाइए


Brain Storming Activity

9. गुब्बारे में हीलियम गैस भरने से वह निरंतर उड़ता है जबकि मुँह के द्वारा भरी जाने वाली हवा क्षणिक रूप से गुब्बारे को प्रभावित करती है, ऐसा क्यों?

## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

10. दिए गए चित्र को पूरा कर उसमें रंग भरिए।



अध्याय 7

# सामान्य जीवन
## ( एकांकी )

### अध्ययन से पूर्व



- कहानी में आने वाले चित्र दिखाते हुए शिक्षक बच्चों के साथ चर्चा करें कि कहानी किस बारे में होगी?

### एकांकी का मूल तत्व

हमें अपना जीवन अपने मूल्यों पर जीना चाहिए। किसी की जीवन शैली को यदि हम अपनाकर उनके जैसा बनने का प्रयास करते हैं तो असल मायने में हम अपने व्यक्तित्व और मूल्यों के साथ समझौता करते हैं जो कि जीवन जीने की कौशल कला नहीं है।



यह कहानी है ज़ेरी नाम के एक चूहे की, जो अपने चचेरे भाई कोरा के साथ अपने देश में रहता था, जहाँ सब उन्हें शहरी चूहे के नाम से जानते थे। उन्हें अपने साधारण रहन-सहन से बहुत प्यार था। उन्हें नाश्ते में बार्ले, चाय और मक्के के दाने बहुत पसंद थे।

**ज़ेरी** – आह! यह सामान्य जीवन।

**कोरा** – हाँ, भाई, मुझे भी ये बहुत पसंद है।

**ज़ेरी** – यहाँ बहुत-सा खाना है, जो हमें पसंद है।

**कोरा** – हाँ, हम सब खा सकते हैं जो हम खाना चाहते हैं या पसंद है।

इसी तरह दिन बीतते गए और दोनों अपना पसंदीदा खाना खाते और बिल में सोने के लिए चले जाते थे।



एक बार उनका दोस्त जैक उनके घर आया, ज़ेरी और कोरा, जैक को देखकर उत्साहित हुए मगर जैक खुश नहीं था। जैक ने कोरा से कहा– "ये कैसा खाना खाते हो तुम दोनों, क्यों ऐसा जीवन जी रहे हो?



ज़ेरी और कोरा ये सब सुनकर निराश हो गए। जैक ने दोनों को उसके साथ चलने और रहने के लिए बोला।

जैक ने उनसे कहा, "आओ और मेरे साथ रहो, मैं तुम्हें अपने शहर की कई मज़ेदार खाने की चीजें खिलाऊँगा। ज़ेरी और कोरा जैक की बात मान गए और उसके साथ शहर चले गए।

जैक के घर ज़ेरी और कोरा ने कई मज़ेदार खाने की चीज़ें देखी जिनमें शहद, मटर, फलियाँ, ब्रैड, मक्खन, फल और पनीर थे। तीनों के तीनों बहुत उत्साहित दिख रहे थे। ज़ेरी ने कहा "चलो साथ-साथ मिलकर पार्टी करते हैं।"



पर खाने की शुरुआत से पहले ही वहाँ कुछ इंसान और बिल्लियाँ आ गए और आपस में हलचल करने लगे। जैक और उसके दोस्त अपनी जान बचाकर वहाँ से भाग खड़े हुए। तीनों थके-हारे अपने घर पहुँच जाते हैं। ज़ेरी और कोरा आपस में बातचीत करते हुए कहते हैं यहाँ सुकून और जीवन साधारण है, मगर सरल है।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्साहित | = | खुश होना | चचेरा भाई | = | चाचा का बेटा |
| निराश | = | उदास होना | सुकून | = | आराम |

## उच्चारण करें

मज़ेदार    निराश    फलियाँ    साधारण    बिल्लियाँ

## श्रुतलेख

i I nhnk    I kekU;    igp    f[kykÅxk    eD[ku

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के साथ स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों पर चर्चा करते हुए संबंधित फ्लैश कार्ड दिखाएँ। साथ ही पसंदीदा खाद्य पदार्थ पर चर्चा करें।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) ज़ेरी के चचेरे भाई का क्या नाम था?

(ख) ज़ेरी और कोरा से मिलने कौन आया था?

(ग) जैक, ज़ेरी और कोरा को अच्छा खाना खिलाने के लिए कहाँ लेकर गया?

(घ) जैक की पार्टी वाली जगह पर अचानक कौन आ गए?

(ङ) क्या ज़ेरी और कोरा को जैक की जीवन शैली पसंद आई?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) जैक के घर खाने के लिए क्या-क्या चीजें थीं?

.....................................................................................................

(ख) जैक, ज़ेरी और कोरा ने साथ मिलकर क्या किया?

.....................................................................................................

(ग) ज़ेरी और कोरा, जैक के घर जाकर खुश क्यों नहीं हुए?

.....................................................................................................

(घ) ज़ेरी और कोरा को किस तरह का जीवन पसंद था?

.....................................................................................................

**3. दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

(क) जैक, ज़ेरी और कोरा एक ही घर में रहते थे। ☐

(ख) ज़ेरी और कोरा जैक को देखकर उत्साहित हुए। ☐

(ग) ज़ेरी और कोरा के अलावा अन्य चूहे भी जैक के घर आए। ☐

(घ) जैक की पार्टी में रसगुल्ले, केक, कोल्डड्रिंक थी। ☐

## 4. मिलान कीजिए।

(क) जैक — खुश

(ख) पार्टी — शहद, मक्खन, पनीर

(ग) ज़ेरी/कोरा — चचेरा भाई

## ज़रा सोचिए — Critical Thinking

**5. जैक के घर यदि बिल्लियाँ या इंसान न आते तो जैक, ज़ेरी और कोरा पार्टी में क्या-क्या करते? सोचकर बताइए।**

**6. कोरा और ज़ेरी की जगह अगर आप होते तो जैक के घर क्या करते ?**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए — Language Skills

**7. शुद्ध शब्द पर ( ○ ) कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिल्लीयाँ | बिल्लियाँ | बील्लियाँ | बिलियाँ |
| दोश्त | दोस्त | दोसत | दोहसत |
| पंसंद | पसदं | पसंद | पसंदं |

**8. शब्द के पीछे 'ई' ( ी ) स्वर लगाकर एक नया शब्द बनाइए।**

(क) खा+ई – खाई (ख) मा+...... – ..........................

(ग) ला+...... – .......................... (घ) ना+...... – ..........................

**9. संज्ञा शब्द छाँटकर बॉक्स में लिखिए।**

खाना चूहे क्या भाई और निराश

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

**10. नीचे दी गई कहानी के कुछ अंशों को पढ़कर उन्हें क्रमानुसार कीजिए।**

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) |
|---|---|---|---|---|
| जैक की पार्टी | जैक, ज़ेरी और कोरा की बातचीत | पार्टी में बिल्लियाँ/इंसान का आना | ज़ेरी/कोरा की घर वापसी | जैक का निराश होना |

## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity

**11. ग्रिड में दिए अक्षरों को चुनकर शब्द बनाइए।**


| | | | |
|---|---|---|---|
| नि | म | रा | श |
| आ | प | हुँ | च |
| नी | रा | स | ह |
| भा | ई | र | द |

जैसे – पसंद

## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

**12. पार्टी में मौजूद जैक, ज़ेरी और कोरा के चित्र में रंग भरिए।**



अध्याय 8

# साहस का मूल्य
## (कहानी)

### अध्ययन से पूर्व





- शिक्षक राजा के विषय में चर्चा करें और बच्चों से जानने का प्रयास करें कि फलों, सब्जियों, फूलों इत्यादि का राजा कौन है?
- एक अच्छा राजा कैसा होना चाहिए? शिक्षक/शिक्षिका राजा के विषय में आए उत्तर के प्रमुख बिंदुओं को ब्लैकबोर्ड पर नोट करें।

### कहानी का मूल तत्व

किसी भी परिस्थिति में हमें सहनशीलता और विवेक को सदैव बनाए रखना चाहिए।

एक बार की बात है, ओसाका देश का राजा अपनी सुंदर रानी के साथ रहता था। एक दिन राजा के मंत्री ने राजा को आकर ख़बर दी कि आपकी रानी महल के कक्ष में किसी तपस्वी के साथ है। राजा को यह सुनकर बहुत क्रोध आया और वह यह देखने के लिए उस कक्ष की ओर बढ़ा जहाँ रानी और तपस्वी बात कर रहे थे।






राजा ने तपस्वी पर क्रोध दिखाते हुए उन्हें बहुत अपमानित किया। यह सब देखकर रानी तपस्वी की वकालत करते हुए बोली– "आप इन पर दया कीजिए"। राजा ने पूछा–" ये यहाँ क्यों आए हैं? तुम इनसे क्या सीख रही हो?

तपस्वी बोला– महाराज! मैं इन्हें सहनशीलता के गुणों के विषय में बता रहा था जो मैंने अपने गुरुओं से सीखी है।

राजा तपस्वी की बात सुनकर उलझन में आ गया। राजा तपस्वी के शांत व्यवहार से अपना मानसिक संतुलन खोने लगा था। राजा ने निश्चय किया कि इस तपस्वी को सबक सीखाना चाहिए। राजा ने मंत्री को आदेश दिया कि इसे काँटो वाले कोड़े से मारा जाए।

अपना आदेश सुनाकर राजा तपस्वी से बोला, - "चलो अब मुझे अपनी सहनशीलता दिखाओ।" "मैं भी तो देखूँ, तुम कोड़े खाते हुए आखिर कब तक चुप रहते हो" तपस्वी राजा द्वारा दी गई सजा को चुपचाप सहता गया। जब राजा को तपस्वी का शांत रहना पसंद नहीं आया तो राजा ने सिपाहियों से





कहा- "इसे दो दिन बंदीगृह में भूखे-प्यासे रखा जाए"।

दो दिन बीत जाने के बाद तपस्वी को राजा के समक्ष बुलाया गया। राजा ने व्यंगात्मक स्वर में कहा- " अब कहो, तुमने क्या सीखा?

तपस्वी मुस्कुराकर बोला, " सहनशीलता और दृढ़ता मेरे प्रभु।" तपस्वी से ऐसी बात सुनकर राजा ने तपस्वी के प्रति अपने नज़रिए को बदलते

हुए क्षमा–प्रार्थना की। तपस्वी ने राजा को क्षमा कर दिया, वहीं दूसरी ओर राजा ने तपस्वी को सोना, चाँदी, हीरे, ज़वाहरात इत्यादि देकर उन्हें सम्मानित किया एवं राजगुरु की उपाधि भी दी।

राजा ने तपस्वी के समक्ष अपनी इच्छा को प्रकट करते हुए कहा–"मुनिवर! आपने सहनशीलता और दृढ़ता जैसे गुणों के विषय में जो कुछ भी अपने गुरुओं से सीखा है कृपा करके उनके विषय में हमें बताकर हमारा मार्गदर्शन सदैव करते रहें।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| तपस्वी | = साधु | क्षमा | = माफ़ी |
| सहायता | = मदद | बंदीगृह | = जेल |
| व्यंग्यात्मक | = तंज कसते हुए बोलना | वकालत | = पक्ष लेना |

## उच्चारण करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुरुओं | तपस्वी | आज्ञा | विषय |
| निश्चय | मुनिवर | मार्गदर्शन | कृपा |

## श्रुतलेख

| | | | |
|---|---|---|---|
| e=h | Hk;kud | n;k | lryu |
| 'kkr | lgu'khyrk | n<rk | bPNk |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका राजा के गुणों/अवगुणों पर चर्चा करते हुए उनकी भूमिका को समझाएँ।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) राजा अपनी रानी के साथ किस देश में रहते थे?

(ख) रानी से मिलने कौन आया था?

(ग) राजा ने महल के कक्ष में किन दो लोगों को देखा?

(घ) राजा ने तपस्वी को दो दिन कहाँ रखने का आदेश दिया?

(ङ) राजा ने तपस्वी से क्या चाहा?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) राजा को किस पर क्रोध आया?

..............................................................................................

(ख) तपस्वी, रानी को क्या बताने महल के कक्ष में गया?

..............................................................................................

(ग) राजा ने तपस्वी को कौन-सी सजा सुनाई?

..............................................................................................

(घ) राजा ने तपस्वी को कौन-सी उपाधि दी?

..............................................................................................

**3. किसने किससे कहा? लिखिए।**

(क) आप इनके ऊपर दया कीजिए।

..................................................

(ख) ये यहाँ क्यूँ आए हैं?

..............................................

(ग) "चलो अब मुझे अपनी सहनशीलता दिखाओ।

..............................................

(घ) महाराज! मैं इन्हें सहनशीलता के गुणों के विषय में बता रहा था।

..............................................

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**4. यदि आप राजा बन जाएँ तो आप अपने राज्य के लिए क्या करना चाहेंगे?**

**5. राजा की जगह यदि तपस्वी क्रोधित हो जाता तो कहानी में क्या होता? सोचकर बताइए।**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**6. दिए गए शब्दों के तुकांत लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) रानी – | नानी | बानी | पानी |
| (ख) आकार – | ........................ | ........................ | ........................ |
| (ग) कक्ष – | ........................ | ........................ | ........................ |
| (घ) बढ़ा – | ........................ | ........................ | ........................ |

**7. शब्द के पीछे 'ता' प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाइए।**

(क) सफल +ता – सफलता

(ख) दृढ़ + .......... – .............................

(ग) मानसिक + .......... – .............................

(घ) व्यंगात्मक + .......... – .............................

(ङ) सक्षम + .......... – .............................

8. निम्नलिखित शब्दों पर अनुस्वार ( ं ) लगाकर नया शब्द बनाइए।

1. बदी – बंदी
2. पसद – ....................
3. मत्री – ....................
4. शात – ....................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए


Creative Skills

9. प्रस्तुत कहानी में किस गुण के संबंध में बताया गया है? आप कुछ अन्य गुणों के संबंध विस्तारपूर्वक कक्षा में चर्चा कीजिए।

## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity


10. रानी तक पहुँचने के लिए राजा की मदद कीजिए।



अध्याय 9

# हमारा स्वतंत्रता दिवस
## (एकांकी)

### अध्ययन से पूर्व



- बच्चो! दिए गए चित्र के बारे में आप क्या जानते हैं? लिखिए।

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

### एकांकी का मूल तत्व

प्रस्तुत एकांकी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में एक पार्टी के आयोजन के संबंध में बताया गया है। इस पार्टी के माध्यम से हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों की विशेषताओं को भी बताया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निकिता और युवी एक पार्टी के लिए चीजें तैयार कर रहे थे। उन्होंने अपने चचेरे भाईयों, चाची और सभी चाचाओं को भी आमंत्रित किया।

युवी ने पूछा, "पार्टी के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं?"

निकिता ने बड़े उत्साह से कहा, "हम अपने घर को सजा सकते हैं। सबसे पहले हम परिवार की एक तस्वीर को पेंट करेंगे।

सबसे पहले पापा की तस्वीर को रंगेंगे। उसके बाद चाचा, माँ और मौसी की तस्वीर को रंगेंगे।

निकिता ने कहा,"फिर तो हमें कपड़े बदलने चाहिए, ताकि हमारे अच्छे कपड़े खराब न हो जाएँ।

युवी ने कहा "अच्छा विचार है चलो चलें।"

निकिता और युवी सामान को तैयार करने के लिए दौड़ पड़े।

युवी ने कहा, "चूंकि आज स्वतंत्रता दिवस है, आओ, इन सभी को झंड़े के रंगों से रंग दें।"



निकिता ने कहा, "यह बहुत अच्छा विचार है।" क्यों न हम सफ़ेद कागज और झंडे की तरह हरे और केसरिया रंग का भी उपयोग करें।

तभी निकिता ने उदास होकर कहा "हमारे पास भगवा रंग नहीं है।"

युवी ने कहा "यह ठीक है" "केसरिया नारंगी के

करीब है, "उन दोनों ने रंग मिलाया और अपने-अपने चित्र बनाने में लग गए।

निकिता बोली, "चलो केरल में अपनी बिताई हुई छुट्टियों से कुछ तस्वीरें भी चित्रित करते हैं। मैं तो पेड़ों को रंगना चाहती हूँ।"

युवी ने कहा, "मुझे भी अपने रंग चाहिएँ।"

युवी और निकिता ने पूरे घर में तस्वीरें लटका दीं।

जब माँ घर पहुँची तो उनकी चित्रकारी देखकर हैरान रह गई।

बच्चो आप सभी ने बहुत महान काम किया हैं इससे घर बहुत सुंदर लग रहा है अब सोचो, मेरे पास क्या है। तभी बच्चे बोले क्या है?

माँ ने अपना बैग खोला और हरे केसर और सफ़ेद गुब्बारों का एक पैकेट निकाला और सबको दे दिया।

निकिता और युवी ने गुब्बारे को फुलाया और उन्हें पूरे घर और सामने बरामदा में चिपका दिया।

जब उनके परिवार के बाकी सदस्य पहुँचे तो वे लोग सजावट को देखकर दंग रह गए। उनके चचेरे भाई रोमा ने कहा, "यह एक पार्टी की तरह लग रहा है।"




जब पापा ने घर आकर ऐसी अद्भूत तस्वीरें देखी। तो उन्होंने कहा कि "आपने इस झंडे में हमारे रंगों का इस्तेमाल किया है।"

फिर उन्होंने पूछा "क्या आप जानते हैं कि इन तीन रंगों का मतलब क्या होता है?"

युवी, रोमा और निकिता बोली "नहीं पापा।"

पापा बोले, "मैं आपको बताता हूँ। केसरिया का अर्थ है साहस और बलिदान। सफ़ेद का अर्थ है सत्य और पवित्रता और हरे रंग का मतलब शांति और समृद्धि है।"

पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, "इन सभी शब्दों का मतलब भारत है।

बच्चो! अब केक काटकर पार्टी का आनंद लेते हैं। इस प्रकार सभी लोगों ने पार्टी का आनंद लिया।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अवसर | = | मौका, समय, सुयोग | आमंत्रित | = | बुलावा, निमंत्रण |
| उत्साह | = | उमंग, हौसला, इच्छा | तस्वीर | = | चित्र, आकृति |
| स्वतंत्रता | = | मुक्ति, आज़ादी। | भगवा रंग | = | उगते हुए सूर्य के जैसा रंग |

## उच्चारण करें

| | | |
|---|---|---|
| स्वतंत्रता दिवस | छुट्टियों | झंडा |
| अच्छा | नारंगी | गुब्बारे |

## श्रुतलेख

| | | | |
|---|---|---|---|
| rLohj | Lor=rk | dlfj;k | fp=dkjh |
| lenf/k | cfynku | ifo=rk | eryc |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को तिरंगा एवं उसके महत्व के बारे में बताएँ तथा स्वतंत्रता दिवस की जानकारियों से अवगत कराएँ।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है?

(ख) तिरंगा झंडा में कितने रंग होते हैं?

(ग) चित्रों में कौन रंग भर रहा था?

(घ) पार्टी में कौन आने वाला था?

(ङ) माँ ने बच्चों को उपहार में क्या दिया?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) झंडे के रंगों का नाम बताइए।

..........................................................................................

(ख) बच्चे झंड़े के रंगों से क्या भरना चाहते थे?

..........................................................................................

(ग) युवी और निकिता को झंडे के रंगों के अर्थ के बारे में किसने बताया?

..........................................................................................

(घ) पार्टी में सजावट किसके द्वारा की गई थी। लिखिए।

..........................................................................................

**3. दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

(क) आइए हम परिवार की एक .................... को पेंट करे।

(ख) हमें कपड़े बदलने चाहिए, ताकि हमारे अच्छे कपड़े .................... न हो जाएँ।

(ग) केसरिया रंग का अर्थ है साहस और ........................।

(घ) हरे रंग का मतलब होता है शांति और ........................।

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**5. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में शामिल तीनों रंग क्या दर्शाते हैं? सोचकर बताइए।**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**6. नीचे दिए वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए।**

**सर्वनाम** – वह शब्द जो संज्ञा के बदले में प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं- जैसे मैं, तुम, हम, वह, आप, उसका आदि।

(क) मैं घर जा रहा हूँ। ....................................

(ख) तुमने खाना खा लिया। ....................................

(ग) तुम कल ऑफिस आओगे। ....................................

(घ) क्या वह घर राम का है? ....................................

**7. दिए वाक्यों को व्यवस्थित रूप में लिखिए।**

**वाक्य** – शब्दों का ऐसा व्यवस्थित रूप जिसे हम अपने विचारों के माध्यम से एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं, वाक्य कहलाते हैं।

जैसे – रमेश मुंबई में रहता है। – शब्दों का व्यवस्थित स्वरूप

रमेश रहता है मुंबई में – शब्दों का अव्यवस्थित स्वरूप

(क) खाना मैने नहीं खाया – ....................................

(ख) देश एक भारत है – ....................................

(ग) शांति रखें बनाए – ....................................

(घ) उधर मकान राम का है – ....................................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

**8. 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है? पाँच वाक्य लिखिए।**

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity


**9. नीचे दिए गए दिवस को उनके मनाए जाने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।**

गाँधी जयंती, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, बाल दिवस, शहीद दिवस, पराक्रम दिवस, किसान दिवस, शिक्षक दिवस

## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity


**10. महात्मा गाँधी के चित्र को पूरा कर उसमें रंग भरिए।**



# अध्याय 10

# पुस्तक ( कविता )


## अध्ययन से पूर्व




रामायण




भगवद्गीता



कुरान




बाइबिल



गुरुग्रंथ साहिब



त्रिपिटक

- क्या आप इन किताबों के बारे में जानते हैं और आपने इन्हें कहाँ देखा है? बताइए।

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

## कविता का मूल तत्व

प्रस्तुत अध्याय में किताबों की दुनिया के बारे में बताया गया है।

पुस्तकें! पुस्तकें।

मुझे लगता है कि गाने के लिए सिर्फ एक गीत है,

लेकिन यह किताबों का एक गीत है!

कैसे मैं सोचूँ किसी और बात को

सिवाय उनके और उन्हें देखने को छोड़कर।



साल भर साथियो,

इन उजड़ते हुए दिनों में कभी मेरा साथ नहीं छोड़ा,

चाहे गर्मियों की शाम, चाहे सर्दियों की सुबह,

हमेशा अपनों की तरह साथ बनी रहीं

पुस्तकें! पुस्तकें!.......

पुस्तकें! पुस्तकें!

फैली दाँए और बाँए ज्ञान के आँगन में।

पुस्तकें! पुस्तकें!

भारी भरकम बनी हुई पुस्तकें कठिन समस्याओं में।

तारीखों, गीतों से बुनी हुई पुस्तकें,

ये पुस्तकें कभी हमें रुला जाती हैं,

बड़े शहर की तरह बढ़ती हुई भीड़ में,
कभी बढ़ती हैं तो कभी कम हो जाती हैं।

जागो! जागो! पुस्तकों की दुनिया अजीब,
आओ पढ़ें इन्हें और खो जाएँ हम।
पुस्तकें! पुस्तकें! पुस्तकें! पुस्तकें!



## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पुस्तकें | = | किताबें | गीत | = | गाना |
| साथियो | = | दोस्त, मित्र | उजड़ते | = | बिखरे हुए |
| बुनी | = | उधेड़बुन | समस्या | = | विपरीत परिस्थिति |

## उच्चारण करें

पुस्तकें    गर्मियों    सर्दियों    आँगन    कठिन

## श्रुतलेख

| | | |
|---|---|---|
| iLrd | dfBu | Hkkjh Hkjde |
| nfu;k | #yku | HkhM |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को किताबों के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाएँ।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) इस कविता का शीर्षक बताइए।

(ख) पुस्तकें क्या हैं गीत या मीत?

(ग) पुस्तकें कब साथ छोड़ती हैं?

(घ) पुस्तकें कहाँ फैली हैं?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) कवि पुस्तकों के अलावा क्या सोच रहा है?

..........................................................................................

(ख) पुस्तकों ने कब साथ नहीं छोड़ा?

..........................................................................................

(ग) कवि पुस्तकों की दुनिया में खोने के लिए क्या कर रहे हैं?

..........................................................................................

(घ) पुस्तकें कैसे बुनी हुई हैं?

..........................................................................................

**3. दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) मुझे लगता है, कि गाने के लिए सिर्फ एक ........................ है।

(ख) कैसे मैं सोचूँ किसी और ........................ को।

(ग) इन ...................... हुए दिनों में कभी मेरा साथ छोड़ा नहीं।

(घ) पुस्तकें फैली दाँए और बाँए ...................... के आँगन में।

(ङ) बड़े शहर की तरह बढ़ती हुई ...................... में।

## 4. दिए गए प्रश्नों में उचित विकल्प का चयन करें।

(क) उजड़ते हुए दिनों में किसने साथ नहीं छोड़ा?

- ☐ लड़कों ने
- ☐ दोस्तों ने
- ☐ किताबों ने
- ☐ इनमें से कोई नहीं

(ख) साल भर गर्मियों की शाम में साथ नहीं छोड़ा?

- ☐ घर वाले
- ☐ दोस्त
- ☐ शहर
- ☐ किताब

(ग) किससे बुनी हुई पुस्तकें हमें रुला जाती हैं?

- ☐ तारीखों से
- ☐ पुस्तकें
- ☐ कलम में
- ☐ इनमें से कोई नहीं

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

## 5. आप पुस्तकों के अलावा शिक्षा को किन-किन माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं? सोचकर बताइए।

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

## 6. शुद्ध शब्दों पर गोला लगाइए।

| | | |
|---|---|---|
| (क) पुस्तकालाय | पुस्तकालय | पुसकालय |
| (ख) धवज | ध्ब्ज | ध्वज |
| (ग) अधयक्ष | अध्यक्ष | अध्य्क्ष |

7. **दिए गए शब्दों में उपसर्ग लगाकर शब्द लिखिए।**

**उपसर्ग** – ऐसे शब्दांश जो किसी शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ को परिवर्तित कर देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

जैसे – आ+हार – आहार यहाँ 'आ' उपसर्ग है।

(क) ............... + भाव ..............................

(ख) ............... + गुण ..............................

(ग) ............... + भेद ..............................

(घ) ............... + गमन ..............................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

8. **पुस्तकों के क्या-क्या लाभ हैं? अपने शब्दों में लिखिए।**

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................


..........................................................................................

..........................................................................................

## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity

9. एक छात्र जिसके कंधे पर स्कूल बैग है। उचित रास्ते का चयन कर छात्र को विद्यालय तक पहुँचाएँ।




## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity


9. दिए गए चित्र को विभिन्न रंगों से भरिए।



अध्याय 11

# किसने बनाई टमाटर की चटनी
## (कहानी)

### अध्ययन से पूर्व



- उपरोक्त चित्र को दिखाते हुए बच्चों के साथ चर्चा करें कि उन्हें किस चीज़ की चटनी पसंद है? चटनी का स्वाद कितनी तरह का होता है?

### एकांकी का मूल तत्व

बच्चों को उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुओं और आसपास के परिवेश से परिचत करवाना।

राहुल और नैना कुछ सामान लेने के लिए बाज़ार गए। माँ ने उन्हें सामान की एक सूची दी है, जो इस प्रकार है- 1/2 किलो टमाटर, 4 नींबू, 2 नारियल, 1 किलो आलू, 1 किलो संतरा, 1/2 किलो चीनी, 100 ग्राम धनिया का पत्ता।




राहुल और नैना मोनू की दुकान पर पहुँचे और 1/2 किलो चीनी खरीदकर अपने थैले में डाल ली। उसके बाद ठेले वाले से 1/2 किलो टमाटर और 4 नींबू लिए। थोड़ा आगे चलने पर उन्होंने 2 नारियल खरीद कर अपने थैले में डाल लिए।

राहुल और नैना बाज़ार से सामान अभी खरीद ही रहे थें कि इतने में नैना, राहुल से बोली –

नैना : ये मेरा पैर चिप-चिप क्यों कर रहा है?

राहुल : अरे! ये थैला भी नीचे से गीला हो रहा है।

नैना : अरे नहीं! लगता है हमारे टमाटर खराब हो गए हैं।

राहुल : अब माँ टमाटर की चटनी कैसे बनाएँगी?

नैना : चलो, अब घर चलते हैं बाकी सामान कल आकर ले जाएँगे।



राहुल और नैना घर पहुँचते हैं और माँ को सब बताते हैं कि टमाटर खराब हो चुके हैं।

माँ, राहुल और नैना को कहती है, चिंता मत करो! कल बाज़ार जाकर फिर टमाटर ले आना। मगर इस बार टमाटर सबसे नीचे नहीं ऊपर रखना।

अगले दिन राहुल और नैना बाज़ार के लिए फिर से निकलते हैं। इस बार उन्होंने 1 किलो आलू सबसे पहले खरीदकर थैले में डाले। आलू के ऊपर टमाटर, टमाटर के ऊपर संतरे रखे और आगे बढ़ने लगे। बाज़ार में राहुल और नैना को उनके दोस्त मिले, जिन्होंने उनकी टोकरी में रखे संतरों को माँग कर खा



लिया। इस बात पर राहुल और नैना परेशान हो गए कि घर जाकर माँ से संतरों के बारे में क्या कहेंगे?

घर पहुँचने पर माँ ने राहुल और नैना को समझाया कि इसमें परेशान होने की कोई बात नहीं है, दोस्तों ने यदि माँग के संतरे खा भी लिए तो हम कल और ले आएँगे।

माँ की ये बात सुनकर राहुल और नैना खुश हो गए। माँ बोली, देखो तो आज खाने में तुम्हारी थाली में क्या है? राहुल और नैना जैसे ही थाली का ढक्कन उठाते हैं तो एक साथ बोल पड़ते हैं- 'टमाटर की चटनी और रोटी, मज़ा आ गया माँ'।

## शब्दार्थ

सूची = तालिका

ख़राब = उपयोग में जो न लाया जाए

प्रकार = तरह

परेशान = दु:खी

## उच्चारण करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| दोस्त | ठेले | ढक्कन | बनाएँगी |
| मज़ा | चिंता | थैले | उन्होंने |

## श्रुतलेख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| cktkj | pVuh | ftUgku | lkeku | ndku |
| ukfj;y | [kjhn | ij | ekx | le>k;k |

## शिक्षण संकेत

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के साथ इस विषय पर चर्चा करें कि किन वस्तुओं को हम किलो, दर्जन, लीटर में खरीद सकते हैं। साथ ही किलो, दर्जन, लीटर जैसे मानकों के बीच के अंतर को भी स्पष्ट करें।

# अभ्यास कार्य

## ज़रा बोलिए

Speaking Skills

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) बाज़ार से सामान लेने कौन-कौन गया?

(ख) राहुल और नैना किसकी दुकान पर गए थे?

(ग) टमाटर को कहाँ से खरीदा गया था?

(घ) बाज़ार में राहुल और नैना को कौन मिल गए थे?

(ङ) माँ ने खाने की थाली में किस चीज़ की चटनी रखी थी?

## ज़रा लिखिए

Writing Skills

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) राहुल और नैना सामान खरीदने कहाँ गए थे?

(ख) सामान वाली सूची में क्या-क्या वस्तुएँ लाने को माँ ने कहा?

(ग) नैना का पैर चिप-चिप क्यों कर रहा था?

(घ) राहुल और नैना के दोस्तों ने क्या माँग की?

(ङ) राहुल और नैना को क्या डर सता रहा था?

**3. ( ै ) 'ऐ' की मात्रा लगाकर शब्द बनाइए और लिखिए।**

उदाहरण :- प + ै + सा – पैसा

ज + सा – ....................  क + सा – ....................

व + सा – ....................  त + सा – ....................

**4. 'चिप-चिप' शब्द की तरह उच्चारण होने वाले अन्य शब्द बोलिए और लिखिए।**

....................  ....................  ....................

**5. मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
| (क) संतरे | (i) शिकंजी |
| (ख) टमाटर | (ii) आटा |
| (ग) नींबू | (iii) जूस |
| (घ) रोटी | (iv) चटनी |

**6. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर ( ✓ ) सही या ( ✗ ) गलत का निशान लगाएँ।**

(क) राहुल और नैना सामान लेने भोलू की दुकान पर पहुँचे। ☐

(ख) बाजार से 3 नारियल खरीदे गए। ☐

(ग) माँ ने राहुल और नैना को टमाटर खराब होने पर डाँटा। ☐

(घ) राहुल और नैना को बाज़ार में उनके दोस्त मिले। ☐

(ङ) राहुल और नैना टमाटर की चटनी और रोटी देख कर खुश हुए। ☐

**7. किससे, किसने कहा, लिखिए।**

(क) मेरा पैर चिप-चिप क्यों कर रहा है?

..................................................

(ख) अब माँ टमाटर की चटनी कैसे बनाएँगी?

..................................................

(ग) चिंता मत करो! कल बाज़ार जाकर फिर टमाटर ले आना।

..................................................

(घ) माँ से संतरों के बारे में क्या कहेंगे?

...............................................

(ङ) "मज़ा आ गया माँ"

...............................................

## ज़रा सोचिए

Critical Thinking

**8. चटनी बनाने के लिए हमें किन-किन वस्तुओं की जरूरत पड़ सकती है? सोचकर बताइए।**

**9. टमाटर के अलावा और किस-किस खाद्य पदार्थ की हम चटनी बना सकते हैं? बताइए।**

## ज़रा भाषा पर गौर कीजिए

Language Skills

**10. सही शब्द पर गोला लगाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) समान | सामान | समन्न | शमान |
| (ख) माग | माँग | मगाँ | मँगा |
| (ग) थालि | थली | थाली | थीलि |
| (घ) बाज़ार | बज़ार | बाजरा | बज़ारा |

**11. तुकांत शब्द लिखिए।**

(क) बनाएँगी – खिलाएँगी – ..........................

(ख) उन्होंने – जिन्होंने – ..........................

(ग) केला – मेला – ..........................



(घ) सुनकर – बुनकर – ..........................

## ज़रा रचनात्मक कार्य कीजिए

Creative Skills

**12.** **प्रोजेक्ट:-** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को यह निर्देश दें कि किलो में माप होने वाली, लीटर में माप होने वाली, दर्जन में माप होने वाली वस्तुओं के चित्र एकत्रित करके उन्हें स्क्रैपबुक में वर्गीकृत करते हुए चिपकाएँ।


**13.** चटनी का रंग बूझकर बॉक्स में उनके नाम लिखिए।


## ज़रा दिमाग लगाइए

Brain Storming Activity


**14.** (क) हल्का कौन ?




(ख) भारी कौन ?




(ग) किसमें ज़्यादा ?






(घ) किसमें कम ?








15. सामान को थैले में भारी से हल्के क्रम में रखिए।









16. चित्र को ध्यान से देखिए, समझिए और बताइए कौन हवा में खुद उड़ सकता है?


## ज़रा रंग भरिए

Art Integrated Activity

17. फलों से भरी टोकरी में रंग भरिए।



# अभ्यास प्रश्न पत्र-1

| नाम .................................... | कक्षा .................... | अनुक्रमांक .................. |
|---|---|---|

**1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) अकबर के दरबार का सबसे बुद्धिमान मंत्री कौन था?

(ख) प्रस्तुत कविता 'प्रकृति से सीखें' में किस बात की चर्चा की गई है?

(ग) फ्लोरेंस नगर कहाँ स्थित है?

(घ) आलू की बारात में कौन-कौन शामिल हुए?

(ङ) प्रस्तुत कविता 'गुब्बारे' में लेखक मुट्ठी में क्या लेने की बात कर रहे हैं?

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) 'प्रकृति से सीखें' कविता का मूल भाव क्या है?

..........................................................................................

(ख) राजा के स्वास्थ्य को सही करने के लिए मंत्रीगण ने क्या किया?

..........................................................................................

(ग) फ्लोरेंस नाइटिंगेल कौन थीं?

..........................................................................................

(घ) आलू की बारात में शलगम ने किस भूमिका को निभाया?

..........................................................................................

(ङ) 'गुब्बारे' कविता में रंगों के कितने भेद के बारे में बात की गई है?

..........................................................................................

**3. नीचे दी गई कविता का भावार्थ लिखिए।**

हाथों से दो इन्हें उछाल,
लेकिन छूना खूब सँभाल।

**4. नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ( ✓ ) सही और ( × ) गलत का निशान लगाइए।**

(क) 'प्रकृति से सीखें' कविता के कवि हरिवंश राय बच्चन हैं। ☐

(ख) बीरबल शाहजहाँ के विश्वासपात्र थे। ☐

(ग) 'स्क्यूटरी' अस्पताल इंगलैंड में था। ☐

(घ) 'आलू की बारात' मे टमाटर शामिल नहीं हुआ था। ☐

**5. पाँच संज्ञा लिखकर उसका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

(क) .................. ..................................................................................

(ख) .................. ..................................................................................

(ग) .................. ..................................................................................

(घ) .................. ..................................................................................

(ङ) .................. ..................................................................................

**6. नीचे दिए गए शब्द समूहों में से शुद्ध पर ( ○ ) गोला लगाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) बैंगन | टमटार | शलगम |
| (ख) बिरबल | अकबर | मंत्रीगन |
| (ग) पिला | गुब्बारें | बैंगली |
| (घ) फ्लोरेंस | नाइटींगल | इटली |

**7. विलोम शब्द लिखिए।**

(क) जन्म – ........................ (ख) आकाश – ........................

(ग) माता – ........................ (घ) शेर – ........................

(घ) भाई – ........................ (च) सफ़ेद – ........................

# अभ्यास प्रश्न पत्र-2

| नाम .................................. | कक्षा ................ | अनुक्रमांक ............... |
|---|---|---|

## 1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।

(क) ताजमहल कहाँ स्थित है?

(ख) जैक का दोस्त कौन था?

(ग) तपस्वी के अन्दर कौन-सा गुण था?

(घ) स्वतंत्रता दिवस के दिन पार्टी की योजना किसने बनाई थी?

(ङ) बाज़ार से सामान लेने राहुल के साथ कौन गया था?

## 2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) ओसाका देश के राजा को उसके मंत्री ने क्या ख़बर दी?

..........................................................................................................

(ख) जैक के घर ज़ेरी और कोरा ने क्या देखा?

..........................................................................................................

(ग) स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित की जाने वाली पार्टी में कौन-कौन शामिल हुए?

..........................................................................................................

(घ) 'पुस्तक' कविता से क्या सीख मिलती है?

..........................................................................................................

(ङ) 'टमाटर की चटनी' में प्रमुख पात्र कौन-कौन हैं? लिखिए।

..........................................................................................................

## 3. नीचे दी गई पंक्तियों के भावार्थ लिखिए।

तारीख़ों, गीतों से बुनी हुई पुस्तकें,<br>
ये पुस्तकें कभी हमें रुला देती हैं,

बड़े शहर की तरह बढ़ती हुई भीड़ में
कभी बढ़ती है तो कभी कम हो जाती है।

4. **दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ( ✓ ) सही और ( ✗ ) गलत का निशान लगाइए।**

(क) राहुल और नैना को मम्मी ने सामान की सूची दी। ☐

(ख) 'हमारा स्वतंत्रता दिवस' में तमिलनाडु के चित्रों को बच्चे चित्रित करते है। ☐

(ग) ज़ेरी के घर कोरा शहद, मटर, और पनीर लेकर आया। ☐

(घ) राहुल और नैना को उसकी बड़ी बहन का साथी बाज़ार में मिल गया था। ☐

5. **नीचे दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए।**

(क) सूरज – ........................ (ख) चाँद – ........................

(ग) धरती – ........................ (घ) पानी – ........................

6. **नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

(क) टमाटर ..................................................................

(ख) राजा ..................................................................

(ग) साहसी ..................................................................

(घ) संतरा ..................................................................

(ङ) थैला ..................................................................

7. **बेमेल शब्द पर ( ○ ) गोला लगाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) राजा | नृप | भूपति | गृहपति |
| (ख) बंदीगृह | कोटर | जेल | कारागृह |
| (ग) इच्छा | चाहत | सोच | अभिलाषा |
| (घ) चाँद | चंद्रमा | शशि | दिवाकर |